अमृत विचार

लखनऊ महानगर

www.amritvichar.com

लखनऊ, गुरुवार, 26 मार्च 2026

सुविचार

अत्याचार और अनाचार को सिर झुकाकर वे ही सहन करते हैं जिनमें नैतिकता और चरित्र का अभाव होता है।

- कमलापति त्रिपाठी

लखनऊ के प्रमुख समाचार

- शराब पिलाकर टाइल्स मिस्त्री का रेता गला II
- आज और कल होंगे अर्धनारीश्वर मूर्ति के दुर्लभ दर्शन III
- ईरानी पहलवान इरफान ने जीती कुश्ती IV

शहर में आज

- ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में अवधी भाषा संरक्षण पर राष्ट्रीय संगोष्ठी- 11:00 बजे से।
- अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में सूर्या थियेटर कल्चरल आर्ट्स सोसाइटी की ओर से नाटक गोरखधंधा का मंचन - 6:30 बजे से।
- अलीगंज के चौधरी टोला में प्रख्यात क्रांतिकारी संत कुमार राय उर्फ़ बोकू दादा की 106वीं जन्म शताब्दी पर संत कुमार राय बोकू दादा मार्ग का लोकार्पण- 6:30 बजे।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

सिटी ब्रीफ

निशातगंज व अमीनाबाद में गुल रहेगी बिजली

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ में कई क्षेत्रों में बुधवार को बिजली विभाग मरम्मत कार्य कराएगा। इससे करीब 50 हजार उपभोक्ताओं को बिजली संकट का सामना करना पड़ेगा। अमीनाबाद उपकेंद्र से पोषित गन्ने वाली गली, श्रीराम रोड, गड़बड़झाला, साईं मंदिर के आसपास सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक, भीखमपुर उपकेंद्र से जुड़े पेपर मिल कॉलोनी, निशातगंज सहित आसपास सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रहेगी।

तेलीबाग में अवैध निर्माण पर 100 से अधिक नोटिस

अमृत विचार, लखनऊ : रायबरेली रोड स्थित तेलीबाग मुख्य बाजार के 100 से अधिक भवन स्वामियों को लखनऊ विकास प्राधिकरण ने बुधवार को अवैध निर्माण कराने के संबंध में नोटिस जारी किया है। सभी को शमन कराने के लिए 10 दिन का समय दिया गया है। नोटिस मिलने से भवन स्वामियों में अफरा-तफरी का माहौल है। एलडीए के जोन-2 अंतर्गत आने वाले तेलीबाग में आवासीय क्षेत्र में अवैध रूप से व्यावसायिक भवन बनाए गए हैं। इनमें दुकान, कॉम्पलेक्स और मार्केट आदि संचालित हैं। एलडीए ने पहले भी इन भवन स्वामियों को नोटिस जारी किया था, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। अब फिर 100 से अधिक भवन स्वामियों को शमन कराने का नोटिस जारी किए गए हैं। सभी को 10 दिन की मोहलत दी है, तय समय पर शमन न कराने पर अवैध निर्माण सील कर दिया जाएगा।

हस्तशिल्प व हथकरघा प्रदर्शनी आज से

अमृत विचार, लखनऊ : मृगनयनी मध्य प्रदेश की ओर से 26 मार्च से माधव सभागार, निरालानगर में राज्य स्तरीय हस्तशिल्प एवं हथकरघा प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन संत रविदास मध्य प्रदेश हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम की ओर से किया जा रहा है। प्रदर्शनी 3 अप्रैल तक चलेगी। प्रदर्शनी में 40 बुनकर शिल्पी अपनी स्वनिर्मित कलाकृतियों का प्रदर्शन करेंगे। राज्य स्तरीय हस्तशिल्प एवं हथकरघा प्रदर्शनी का शुभारम्भ निदेशक स्थानीय निकाय ऋतु सुहास शाम 5:30 बजे करेंगी। प्रदर्शनी के दौरान बुनकर शिल्पी चौपाल बुनकरों की कार्यशाला आयोजित करेंगी। जरी जरदोजी पर व्याख्यान, शहनाई वादन एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

कैस पाइरेट्स व कैस जगुआर की जीत

अमृत विचार, लखनऊ : एपी स्पोर्ट्स ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे स्व. रोहित चतुर्वेदी मेमोरियल अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को कैस पाइरेट्स और कैस जगुआर ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर पूरे अंक हासिल किए। यश क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में कैस पाइरेट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 7 विकेट पर 212 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से दैवज्ञ सक्सेना ने 29 गेंदों पर तूफानी 51 रन बनाकर पारी को मजबूती दी, जबकि शिवंश शुक्ला ने 40 रनों का योगदान दिया। कैस सुपरकिंग्स के लिए अमन गौतम ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कैस सुपरकिंग्स की टीम पाइरेट्स के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 21.2 ओवर में 142 रन पर सिमट गई। प्रिंस ने सर्वाधिक 32 रन बनाए। पाइरेट्स की ओर से प्रखर गुप्ता ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट झटके और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

बड़े होटल-रेस्टोरेंट को मिलने लगे कॉमर्शियल सिलेंडर

कालाबाजारी रोकने को अभी 20 फीसदी सिलेंडर की आपूर्ति ही की जा रही, घरेलू सिलेंडर के लिए लग रहीं कतारें

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : शहर के बड़े होटल-रेस्टोरेंट को कॉमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति बुधवार से शुरू हो गई है। अभी खपत की 20 फीसदी गैस ही उपलब्ध कराई जाएगी, धीरे-धीरे इसे बढ़ाया जाएगा। क्लार्क अवध, ताज, रेनेसां, रमाडा, हयात, रेडिसन, जेमिनी, नोवाटेल आदि होटलों को कॉमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध कराए गए।

जिलाधिकारी विशाख जी ने मंगलवार को आपूर्ति विभाग के अधिकारियों और तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर घरेलू और कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति की समीक्षा की थी। इसमें प्लान बनाकर कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति के निर्देश दिए थे। इसमें जिलाधिकारी ने कहा था कि, गैस एजेंसियां कॉमर्शियल सिलेंडर की कालाबाजारी न कर सकें इसके लिए गैस एजेंसियों को केवल ग्राहकों की मांग पर ही आपूर्ति की जा रही है।

बड़े होटलों में इस्तेमाल के लिए कानपुर से 19 किलो से भी अधिक क्षमता के कॉमर्शियल गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। एडीएम आपूर्ति ज्योति गौतम ने बताया कि गैस एजेंसियों के बड़े उपभोक्ता कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सीधे तेल कंपनियों से मांग कर सकते हैं। बड़े उपभोक्ताओं को अभी कॉमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति शुरू कर दी गई है। इसके बाद अन्य होटलों-रेस्टोरेंट को भी मांग और आवश्यकता के हिसाब से आपूर्ति की जाएगी।

हुसैनगंज में स्टेशन रोड पर भारतीय ज्योति गैस सर्विस पर डिलीवरी वैन के पास सिलेंडर लेने के लिए लगी लाइन। अमृत विचार

उपभोक्ता लगा रहे गैस एजेंसियों के चक्कर

- घरेलू गैस सिलेंडर के लिए अब भी गैस एजेंसियों के बाहर कतारें लग रही हैं। बुकिंग और डीएससी नंबर मिलने के एक हफ्ते बाद भी एजेंसियां घरों पर गैस सिलेंडर नहीं पहुंचा रही हैं। इससे उपभोक्ता परेशान होकर गैस एजेंसियों के चक्कर लगा रहे हैं। बुधवार को केकेसी स्थित भारत की ज्योति गैस सर्विस के बाहर भी गैस लेने के लिए लंबी लाइन लगी रही। तेलीबाग स्थित इंडेन गैस सर्विस में डीएससी नंबर मिलने के बाद भी ग्राहकों को सिलेंडर नहीं मिला। उन्हें एजेंसी के कर्मचारी इधर-उधर टहला रहे हैं। इंडेन और भारत की गैस एजेंसियों पर सिलेंडर की समस्या बरकरार है।

टंकियों पर पेट्रोल खत्म होने की अफवाहों से उमड़ी भीड़

- **अमृत विचार, लखनऊ :** पेट्रोल की किल्लत की अफवाहों के बीच शहर की कई पेट्रोल टंकियों पर बुधवार को अचानक लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। हजरतगंज चौराहे और चारबाग जाने वाले मुख्य मार्ग की कई टंकियों पर पेट्रोल के लिए लंबी कतारें लग गईं। लोगों की भीड़ पेट्रोल टंकियां पर उमड़ना शुरू हुई तो वाहन सवार शहर के दूसरे क्षेत्रों की टंकियों की ओर भागने लगे। नतीजा कई जगह पर भारी भीड़ दिखी तो कई टंकियों पर पेट्रोल खत्म हो गया देर शाम फिर से पेट्रोल मिलने लगा लेकिन लाइन कम होने का नाम नहीं ले रही थीं. लोग पेट्रोल-डीजल की पैनिक खरीदारी करने लगे। हज़रतगंज चारबाग, राजाजीपुरम, चौक आदि में पेट्रोल-डीजल लेने के लिए लोगों की कतारें लग गईं। वहीं जिम्मेदारों का कहना है कि शहर में पेट्रोल-डीजल की कोई किल्लत नहीं है, पर्याप्त स्टॉक है।

हजरतगंज स्थित तलवार पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरने के लिए लगी लाइन। अमृत विचार

केजीएमयू और पीजीआई में आज बंद रहेगी ओपीडी

अमृत विचार, लखनऊ : रामनवमी पर दो दिन सार्वजनिक अवकाश होने के कारण लखनऊ के चिकित्सा संस्थान और सरकारी अस्पतालों की ओपीडी सेवाओं में बदलाव किया गया है। इमरजेंसी और जरूरी सेवाएं संचालित रहेंगी। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में 26 मार्च गुरुवार को केवल इमरजेंसी सेवाएं ही संचालित होंगी। प्रवक्ता कुसुम यादव ने बताया कि 27 मार्च को नए मरीजों का पंजीकरण नहीं होगा। जिन मरीजों का ओपीडी में पहले से अपॉइंटमेंट है उन्हें देखा जाएगा। पहले से निर्धारित जांच और ऑपरेशन भी होंगे। 24 घंटे लैब और आकस्मिक सेवाएं जारी रहेंगी, किंतु ओपीडी सैंपल कलेक्शन, प्रशासनिक भवन और शैक्षणिक ब्लॉक बंद रहेंगे।

किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि गुरुवार को ओपीडी बंद रहेगी और इमरजेंसी सेवाएं चलती रहेंगी। शुक्रवार से ओपीडी सामान्य रूप से संचालित होगी। डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने बताया कि गुरुवार और शुक्रवार अवकाश रहेगा। दोनों दिन ओपीडी में केवल पुराने मरीज ही देखते जाएंगे, नए पर्चे नहीं बनेंगे। पहले से तय ऑपरेशन और जांचें होंगी। गंभीर मरीजों का इलाज इमरजेंसी में किया जाएगा। **सरकारी अस्पतालों में दोपहर 12 बजे तक देखे जाएंगे मरीज :** सिविल, बलरामपुर और लोकबंधु अस्पताल सहित अन्य सरकारी अस्पतालों की ओपीडी सीमित समय के लिए संचालित होगी और दोपहर 12 बजे तक ही मरीजों को देखा जाएगा।

नगर निगम का दूसरा एबीसी सेंटर अमौसी में बनकर तैयार

- 1.85 करोड़ से बने सेंटर में 300 आवारा कुत्तों को रखने की क्षमता
- आक्रामक हो चुके कुत्तों की सेंटर पर 12 दिन की जाएगी निगरानी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : आवारा कुत्तों को रखने के लिए नगर निगम का दूसरा एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर अमौसी में बनकर तैयार है। 1.85 करोड़ रुपये की लागत से एक वर्ष में बनकर तैयार हुए इस सेंटर में लगभग 300 आवारा कुत्तों को रखने की क्षमता है। डॉक्टरों की देख-रेख में यहां आवारा कुत्तों रखकर टीकाकरण और नसबंदी की जाएगी। जिससे कुत्ते हिंसक न हों और इनकी आबादी भी नियंत्रित की जा सके। नगर निगम के पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा ने बताया कि अगले महीने एबीसी सेंटर को उद्घाटन होगा।

शहर में आवारा कुत्तों की जनसंख्या करीब 1.30 लाख पहुंच गई है। ये आवारा कुत्ते लोगों को काटकर जख्मी कर देते हैं। ऐसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। आवारा कुत्तों की आबादी पर नियंत्रित करने और निगरानी के लिए नगर निगम से दूसरा एबीसी सेंटर बनाया है। आक्रामक हो चुके और लोगों को काटने वाले कुत्तों को पकड़कर इस एबीसी सेंटर में डॉक्टरों की निगरानी रखा जाएगा। सेंटर में करीब 12 दिन रखा जाएगा। सामान्य होने पर नसबंदी और टीकाकरण करने के बाद उसी स्थान पर छोड़ दिया जाएगा। नगर निगम का पहला एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर जरहरा में बना है। उसमें भी करीब 300 कुत्तों को रखने की क्षमता है। अकेला सेंटर होने के कारण यह छोटा पड़ गया था। अब दूसरा एबीसी सेंटर बन जाने से कुत्तों के प्रजनन पर नियंत्रण में तेजी आएगी। पशु कल्याण अधिकारी ने बताया कि दूसरा एबीसी सेंटर बन जाने से आवारा कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण के कार्य में तेजी आएगी।

एलडीए 18 अप्रैल से शुरू करेगा ओटीएस योजना

- उपाध्यक्ष ने अधिकारियों से मांगी बकायेदारों की सूची
- अधिकारियों को लक्ष्य दिए गए हेल्प डेस्क भी बनेगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण 18 अप्रैल से एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) शुरू करेगा। इसका लाभ लेने के लिए सभी बकायेदारों को सूचित किया जाएगा। संबंधित अधिकारियों को लक्ष्य दे दिया गया है। बकायेदारों की सहायता के लिए कार्यालय में हेल्प डेस्क भी बनेगी।

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बुधवार को बैठक लेकर अधिकारियों को बकायेदारों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। सभी बकायेदारों तक एकमुश्त समाधान योजना की जानकारी पहुंचने का लक्ष्य भी दिया गया। कहा कि, कॉल सेंटर, आईटी सेल के माध्यम से बकायेदारों को फोन, मैसेज व ई-मेल से सूचना भेजी जाए। किसी कारण फोन पर संपर्क न हो पाए तो पत्र भेजकर सूचना पहुंचाई जाए। प्राधिकरण भवन के भूतल पर बने सिंगल विन्डो काउंटर पर विशेष हेल्प डेस्क भी बनाएं। ऑपरेटरों की तैनाती की जाए, जो आने वाले सभी आवंटियों को पूरी जानकारी देने के साथ ही ऑनलाइन आवेदन की कार्रवाई भी कराएं।

दंड ब्याज से मिलेगी छूट

- उपाध्यक्ष ने बताया कि यह योजना प्राधिकरण की सभी प्रकार की आवासीय एवं व्यावसायिक संपत्तियों, समस्त प्रकार की सरकारी संस्थाओं को आवंटित संपत्तियों एवं स्कूल भूखंडों, चैरिटेबल संस्थाओं, नीलामी अथवा अन्य पद्धति से आवंटित संपत्तियों तथा सहकारी आवास समितियों को आवंटित संपत्तियों के लिए खोली गई है। जिन आवंटियों पर समय से किश्तें जमा न करने की सूरत में दंड ब्याज रोपित हो गया है, वह सभी एकमुश्त समाधान योजना का लाभ उठा सकते हैं। इसमें दंड ब्याज से छूट मिलेगी और लोग बकाया धनराशि जमा करके अपनी संपत्ति के मालिक बन सकेंगे।

एलडीए के पारिजात सभागार में बैठक करते उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार।

मानचित्र के बकायेदारों को भी लाभ

- इस बार ओटीएस के अंतर्गत मानचित्र एवं शमन मानचित्रों के बकायेदार आवेदकों को भी राहत मिलेगी। जिन लोगों ने मानचित्र के देय शुल्कों की किश्तें समय पर जमा नहीं की हैं, उन्हें भी दंड ब्याज से छूट के प्रावधान का लाभ मिलेगा।

तीन माह के अंदर निस्तारण और मिलेगी छूट

- आवेदन जमा करने की तिथि से तीन माह के अंदर निस्तारण किया जाएगा। डिफाल्ट अवधि के लिए दंड ब्याज से पूरी राहत मिलेगी। उनसे केवल साधारण ब्याज लिया जाएगा, जिसकी गणना सॉफ्टवेयर से होगी। पूरी राशि 30 दिन में जमा करने पर दो प्रतिशत की छूट मिलेगी। रकम 50 लाख रुपये से अधिक होने पर एक तिहाई भुगतान 30 दिन में और बाकी तीन द्विमासिक किस्त में छह माह में देना होगा। समय से पैसा न देने पर अतिरिक्त दंड ब्याज के साथ एक माह में जमा करने का मौका मिलेगा।

चेकिंग में पकड़े गए उपभोक्ताओं को नहीं मिल रहा ओटीएस का लाभ

- **अमृत विचार, लखनऊ :** बिजली चोरी में पकड़े गए उपभोक्ताओं को पंजीकरण के बाद भी पावर कॉरपोरेशन की एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) का लाभ नहीं मिल पा रहा है। आरोप है कि अधिकारी रजिस्ट्रेशन के एक महीने में पूरा बकाया जमा करने का नियम बताकर टाल रहे हैं। मडियांव श्रीनगर कॉलोनी निवासी लक्ष्मी शंकर ने बताया ने बिजली चोरी मामले में 7972808154 एकाउंट नंबर है। ओटीएस योजना में रजिस्ट्रेशन कराया था। अदायगी के लिए सोमवार को आईटी कॉलेज के पास बिजली कार्यालय में गए थे। कर्मचारियों ने एक महीना से अधिक समय के बीतने का हवाला देकर बिल जमा करने से इंकार कर दिया। माल के अनुराग ने बताया कि बकाया होने के कारण बिजली काट दी गई थी। बिल को जमा करने के बाद भी आपूर्ति शुरू नहीं की गई। अमौसी जोन के मुख्य अभियंता रामकुमार ने कहा कि लाइन मैं नहीं जोड़ता, संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर समस्या का समाधान करा लें।

बैठक | एलसीटीएसएल बोर्ड ने लगाई पुरानी और बेकार बसों की नीलामी पर मुहर

फिर संचालित होंगे एलसीटीएसएल के 40 बस शेल्टर

- मंडलायुक्त की अध्यक्षता में बैठक संपन्न, शहर की बस सेवाओं और बजट समीक्षा पर जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ स्मार्ट सिटी के तहत बनाए गए 40 बस शेल्टर को फिर संचालित किया जाएगा। बेहतर रखरखाव और संचालन के लिए शर्तों में बदलाव कर ई-निविदा निकाली जाएगी। एलसीटीएसएल की पुरानी और बेकार बसों को नीलाम भी की जाएगी। ये निर्णय बुधवार को एलसीटीएसएल की 50वीं बोर्ड की बैठक में लिए गए।

लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (एलसीटीएसएल) की बुधवार को मंडलायुक्त और अध्यक्ष विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में हुई। इसमें शहर की बस सेवा, संचालन, वित्तीय प्रबंधन और परिवहन व्यवस्था से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान यह भी तय किया गया कि शहर की बस सेवाओं को और अधिक सुरक्षित, सस्ती और सुविधाजनक बनाने के लिए सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। अक्टूबर 2025 से फरवरी 2026 तक के संचालन कार्यों की समीक्षा की गई, जिसमें बसों की संख्या, यात्रियों की संख्या और आय-व्यय पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने सेवाओं में सुधार के सुझाव दिए और बजट खर्च तथा वित्तीय प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया। बैठक में नगर आयुक्त गौरव कुमार, नगरीय परिवहन निदेशालय के निदेशक, संभागीय परिवहन अधिकारी, पुलिस कमिश्नरेट के प्रतिनिधि, एलसीटीएसएल प्रबंध निदेशक, मुख्य वित्त अधिकारी, संचालन प्रबंधक आदि मौजूद रहे।

स्मार्ट सिटी की बैठक में मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत और अन्य अधिकारी।

स्मार्ट सिटी की बोर्ड बैठक में विकास कार्यों पर चर्चा

- **अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ स्मार्ट सिटी लिमिटेड की निदेशक मंडल की 26वीं बैठक बुधवार को मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में स्मार्ट सिटी कार्यालय के द्वितीय तल स्थित मीटिंग हॉल में आयोजित की गई। जिसमें शहर में चल रहीं विभिन्न विकास परियोजनाओं मल्टीलेवल भूमिगत पार्किंग, लाइट हाउस परियोजना, स्मार्ट रोड और स्कूलों के नवीनीकरण आदि कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 की बैलेंस शीट भी रखी गई। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को सभी परियोजनाएं तय समय में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। महाप्रबंधक परियोजना पद पर एससी सिंह की नियुक्ति के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। बैठक में नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, वित्त नियंत्रक लखनऊ विकास प्राधिकरण दीपक सिंह, महाप्रबन्धक परियोजना एससी सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कैसरबाग-घंटाघर क्षेत्र में बिजली लाइनें होंगी भूमिगत

- कैसरबाग और घंटाघर क्षेत्र के आस-पास सड़कों पर करीब 50 मीटर तक बिजली के तार भूमिगत करने के कार्य की समीक्षा की गई। संबंधित कार्यदायी संस्था लेसा के अधिकारियों को कार्य को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए।

नेहरू इन्क्लेव योजना नगर निगम को हैंडओवर

- एलडीए ने नगर निगम को दिए 12 करोड़ रुपये
- अवस्थापना सुविधाओं के कराए जाएंगे कार्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण ने गोमती नगर स्थित नेहरू इन्क्लेव योजना बुधवार को नगर निगम को हैंडओवर कर दी। अब सड़क, नाली, पार्क एवं मार्ग प्रकाश आदि के रख-रखाव की जिम्मेदारी नगर निगम संभालेगा। योजना में अवस्थापना सुविधाओं के अवशेष कार्यों कराने के लिए एलडीए ने नगर निगम को 12 करोड़ रुपये भी ट्रांसफर किए हैं।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा पेपर मिल वार्ड के अंतर्गत नेहरू इन्क्लेव योजना विकसित की गई थी। तब से प्राधिकरण योजना में बुनियादी सुविधाओं के अनुरक्षण का कार्य करा रहा था। इन सुविधाओं को नगर निगम को हैंडओवर करने के संबंध में कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। जिसके अनुपालन में एलडीए व नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा योजना का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इसमें अवस्थापना सुविधाओं के अवशेष कार्यों को पूर्ण करने के लिए 12 करोड़ रुपये का व्यय आंकलित किया गया। हैंडओवर की प्रक्रिया के अंतर्गत प्रस्तावित एस्टीमेट को स्वीकृत करते हुए पूर्ण धनराशि नगर निगम को उपलब्ध करा दी है। इससे नेहरू इन्क्लेव में बुनियादी सुविधाओं के अनुरक्षण का कार्य सुचारू रूप से होगा और इसका सीधा लाभ योजना में रहने वाली लगभग 50 हजार की आबादी को मिलेगा।

सिटी ब्रीफ

डालीगंज पुल पर टाटा मैजिक में लगी आग

अमृत विचार, लखनऊ : डालीगंज पुल पर बुधवार सुबह चलते मैजिक वाहन में अचानक आग लग गई। इंजन से धुआं निकलता देख चालक वाहन रोककर उतर गया। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। एफएसओ पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि बुधवार तड़के करीब 3 :55 बजे कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि डालीगंज पुल के पास एक मैजिक डाला वाहन में आग लगी है। सूचना मिलते ही चौक फायर स्टेशन से एक वॉटर टेंडर और हजरतगंज फायर स्टेशन से एक अन्य वॉटर टेंडर मौके पर भेजा गया। दमकल कर्मियों ने दोनों गाड़ियों से पंपिंग कर आग बुझाने का काम शुरू किया। करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। वाहन चालक बाजारखाला के मोतीझील कॉलोनी निवासी महफूज अहमद ने बताया कि इंजन में अचानक आग की लपटें देख वह समय रहते गाड़ी रोककर उतर गए थे। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

पिकअप की टक्कर से युवक घायल

अमृत विचार, लखनऊ : कृष्णानगर इलाके में मंगलवार को बेकाबू पिकअप की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल के भाई ने पिकअप के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मूल रूप से लखीमपुरखीरी के पलिया कला निवासी प्रदीप कुमार ने बताया कि 24 मार्च को उसका भाई राम सेवक अपने एक दोस्त के साथ कृष्णानगर स्थित अवध चौराहे पर सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान बेकाबू पिकअप ने राम सेवक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक गाड़ी लेकर भाग निकला। घायल को नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

स्कूटी टकराने पर युवक को पीटा

अमृत विचार, लखनऊ : बाजारखाला इलाके में स्कूटी टकराने पर दबंगों ने युवक को बेरहमी से पीटा। ऐशबाग खजुआ निवासी मोहम्मद शोएब ने तहरीर में बताया कि सोमवार शाम करीब साढ़े छह बजे उनका बेटा अफनान स्कूटी से घर लौट रहा था। रास्ते में उसकी स्कूटी उल्टी दिशा में आ रहे रईस से टकरा गई। मॉफी मांगने के बाद भी आरोपी और उसके साथियों ने अफनान को पीट दिया। पीड़ित किसी तरह अपने घर पहुंचा। रात करीब 11 बजे आरोपी ने साथी नाजिम, सुल्तान, शुएब, नईम, गुड्डू, सुहैल, समीर, साहिल व अन्य लोगों ने पीड़ित के घर हमला बोल दिया। आरोपियों ने पीड़ित के घर पर पथराव किया। विरोध करने पर पीड़ित के बेटे रियाज से मारपीट और पत्नी से अभद्रता की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

आग से छह बीघा गेहूं की फसल राख

अमृत विचार, लखनऊ : महिगवां थानाक्षेत्र के शाहपुर नजूल गांव में बुधवार को धान के पुआल में आग लगने से गेहूं की छह बीघा फसल जल गई। दमकल और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। हनुमंतपुर गांव निवासी किसान राधेश्याम, प्रेमचंद ,बीरबल ने बताया कि उनकी गेहूं की फसल शाहपुर नजूल गांव में करीब छह बीघा लगी थी। उसी के पास में प्रमोद का धान का पुआल रखा हुआ था। किसी ने उसमें आग लगा दी। जिसकी चपेट में गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। आग की लपटों को निकलता देखकर ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया। लपटें बढ़ती देख ग्रामीणों ने दमकल को सूचना दी। जानकारी मिलते ही फायर स्टेशन की एक दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची।दमकलकर्मियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

नशे के लिए चोरी की बाइक, गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : मोहनलालगंज के कालेबीर बाबा मंदिर में सोमवार को मुंडन कार्यक्रम में शामिल होने आये युवक की बाइक चोरी हो गई थी। बाइक बेचने जा रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम पीजीआई के सरस्वती पुरम निवासी राकेश उर्फ कुलदीप दुबे बताया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि नशे का आदी है। शराब पीने के लिए बाइक चोरी की थी। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सुशांत गोल्फ सिटी के कटरा बक्कास निवासी अभिनन्दन 23 मार्च को कालेबीर बाबा मंदिर आया था। वहां से उनकी बाइक चोरी हो गई थी।

शराब पिलाकर टाइल्स मिस्त्री का रेता गला

हरदासीखेड़ा स्थित मैदान में खून से लथपथ मिला शव, पास में खड़ी थी बाइक, मौके पर मिली शराब की बोतल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: चिनहट के हरदासीखेड़ा स्थित मैदान में मंगलवार रात टाइल्स मिस्त्री को दोस्तों ने फोन कर मिलने के लिए बुलाया। शराब पार्टी की और फिर टाइल्स मिस्त्री की गला रेतकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी भाग निकले। देर रात मैदान में युवक का शव पड़ा मिला। पास में खड़ी बाइक के आधार पर शव की शिनाख्त हुई। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फील्ड यूनिट ने मौके से शराब, कोल्डड्रिंक की बोतल व अन्य सामान को कब्जे में लिया। पुलिस ने पिता की तहरीर पर उसके एक दोस्त और कुछ अन्य के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

मूल रूप से बलिया के रेवती स्थित झरकटहा के रहने वाले दयाशंकर सिंह पत्नी सुमन और बेटी रोशनी के साथ कमता के कल्याणी विहार में रहते हैं। वह ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पेट पालते है। उनका बेटा रितेश कुमार उर्फ बाला (21) टाइल्स मिस्त्री था। मंगलवार देर रात हरदासी खेड़ा मैदान में उसका खून से लथपथ शव मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर चिनहट इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बाइक के नंबर के आधार पर कल्याणी विहार कमता निवासी दयाशंकर को कॉल कर घटना की जानकारी दी। व्हाट्सएप पर मृतक की फोटो भेजी। फोटो देखकर दयाशंकर ने शव की पहचान इकलौते बेटे रितेश उर्फ बाला के रूप में की। जानकारी पर दयाशंकर परिवार संग मौके पर पहुंचे।

हत्या की सूचना मिलते ही डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह और एसीपी विभूतिखण्ड विनय द्विवेदी भी मौके पर पहुंच गए। रितेश के मामा ने बताया कि भांजा इंटर तक पढ़ा था। मंगलवार शाम करीब पांच से छह बजे के बीच भांजे के दोस्त प्रियांशु का फोन आया था। उसने मिलने के लिए बुलाया था। रितेश घर से दो सौ रुपये लेकर बाइक से निकला था। करीब 7:30 बजे भांजी रोशनी ने रितेश को फोन किया। रितेश ने कहा कि वह निशातगंज में है कुछ देर बाद घर आएगा। फिर आधे घंटे बाद फोन किया तो बोला कि पॉलिटेक्निक चौराहे पर हूं।

करीब 8:30 बजे फोन किया तो भांजे ने कहा कि घर के पास है आ रहा है। इसके बाद भी रितेश घर नहीं पहुंचा। कुछ देर बाद भांजी ने फिर फोन मिलाया तो रितेश का मोबाइल स्विच ऑफ मिला। देर रात पुलिस ने बहनोई दयाशंकर को फोन कर सूचना दी और मौके पर बुलाकर शिनाख्त कराई। दयाशंकर ने प्रियांशु और कुछ अन्य दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया है। परिवारीजनों ने बताया कि रितेश का गला रेता गया था। उसके पेट और हाथ में भी गहरे चोट-खरोंच के निशान थे। हाथों की नसें कटी हुईं थीं। इंस्पेक्टर ने बताया कि दयाशंकर की तहरीर के आधार पर प्रियांशु के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला रेते जाने के कारण अधिक खून बहने से मौत की पुष्टि हुई है।

इंस्पेक्टर ने बताया कि रितेश के खिलाफ चिनहट में चार, इंदिरानगर और विभूतिखंड में एक-एक मामला दर्ज है। सभी मामले वाहन चोरी व मारपीट के हैं। वह वाहन चोरी में डेढ़ से दो साल पहले जेल गया था। करीब ढाई माह जेल में भी रहा था। उसके और प्रियांशु के पास से चोरी की बाइक भी बरामद हुई थी। वहीं, रितेश के मामा ने बताया कि बाइक प्रियांशु के दोस्तों ने चोरी की थी। रितेश को इसकी जानकारी नहीं थी। वह उस पर बैठकर सिर्फ प्रियांशु के साथ जा रहा था। डूडा कालोनी में चेकिंग हो रही थी। पुलिस कर्मियों ने प्रियांशु और उसके दोस्त के साथ ही रितेश को भी पकड़कर जेल भेज दिया था।

घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित करते फोरेंसिक टीम के सदस्य। अमृत विचार

- चिनहट कोतवाली में पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज, दो संदिग्ध हिरासत में

विवाद व प्रेम-प्रसंग के बिंदुओं पर जांच

- रितेश को उसके दोस्तों ने मैदान में बुलाया था। अभी तक की जांच से यह साफ है कि वारदात में दो या तीन लोग थे। सभी ने ईंट पर बैठकर शराब पी। उसके बाद धारदार हथियार से रितेश का गला रेत कर हत्या कर दी। इंस्पेक्टर ने बताया कि दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। रंजिश, विवाद व प्रेम प्रसंग समेत सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

डॉक्टर व रिटायर्ड सैन्यकर्मी के मकान में लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: गोमतीनगर के विरामखंड में चोरों ने डॉक्टर के सरकारी आवास का ताला तोड़कर नकदी व जेवर समेत लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया। वहीं, पीजीआई में चोरों ने रिटायर्ड सैन्यकर्मी के बंद मकान को निशाना बनाया। चोरों ने करीब 30 लाख के जेवर चोरी कर लिए। वारदात के बाद चोर वाईफाई सीसीटीवी कैमरा भी उखाड़कर ले गए। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

विरामखंड-5 स्थित सरकारी आवास में डा. शालीन तिवारी परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि वे परिवार संग पालघर महाराष्ट्र में थे। 15 मार्च को घर में काम करने वाली नौकरान प्रीति देवी ने दरवाजा खुला देखा तो मालिक को कॉल कर सूचना दी। डॉक्टर ने चोरी की सूचना पुलिस को दी। डॉक्टर वापस लौटे तो घर में सारा सामान बिखरा मिला। आलमारी व लॉकर टूटे पड़े थे। डा. शालीन ने बताया कि आलमारी से सवा लाख रुपये और लाखों के जेवर चोरी हुए हैं। उन्होंने 24 मार्च को गोमतीनगर थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

वहीं, पीजीआई के वृंदावन योजना सेक्टर-6सी में सेना से

- गोमतीनगर व पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज

हवलदार पद से रिटायर्ड रामवीर सिंह परिवार संग रहते हैं। रामवीर पत्नी आशा के साथ होली पर पैतृक गांव मैनपुरी गए थे। उनकी बेटी सोनी पाल, बेटा प्रिंस और नाती भी 19 मार्च को गांव चले गए थे। घर की चाभी कानपुर निवासी पारिवारिक मित्र अमित मिश्रा को दी गई थी, जो लखनऊ में एमआर हैं। 21 मार्च को अमित चाभी लेकर घर पहुंचे तो मुख्य गेट का ताला टूटा मिला। वे अंदर गए तो तीसरी मंजिल तक कमरों के ताले टूटे थे और अलमारियों व बक्सों का सामान बिखरा पड़ा था। सोमवार सुबह परिवार लौटने पर पता चला कि करीब 30 लाख रुपये के जेवर चोरी हुए हैं। बदमाश घर में लगा वाईफाई सीसीटीवी कैमरा भी उखाड़कर ले गए। पीजीआई पुलिस ने छानबीन कर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रैपिडो चालक ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: पारा स्थित कांशीराम कॉलोनी में रैपिडो चालक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बेटे का मोबाइल स्विच ऑफ आने पर मां मंगलवार रात कमरे में पहुंची। दरवाजा तोड़ा तो बेटे का शव अंदर लटका मिला।

इंदिरानगर स्थित सेक्टर-9 निवासी शिवम गौड़ (32) रेपिडो बाइक चलाते थे। 3 फरवरी 2025 को शिवम की शादी आरती से हुई थी। मां मीना ने बताया कि शिवम पत्नी संग पारा स्थित कांशीराम कॉलोनी रूम नंबर 406 में रहने लगा था। शादी के कुछ समय बाद ही पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया। करीब चार महीने पहले पत्नी मायके बाराबंकी चली गई थी। मां मीना महानगर स्थित रहीम नगर में दूसरे को घरों में घरेलू काम करती थी। बेटे संग रहने वाली मां दो दिन से रहीम नगर में ही रह रही थी।

मंगलवार दोपहर उन्होंने बेटे का हालचाल लेने के लिए फोन किया तो मोबाइल स्विच ऑफ मिला। रात आठ बजे वह कांशीराम कॉलोनी पहुंची तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। उन्होंने पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा। अंदर पहुंची तो शिवम का शव पंखे से साड़ी के सहारे लटक रहा था। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह ने बताया कि मृतक का मोबाइल फोन कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की जा रही है।

यौन शोषण कर छात्रा पर धर्मांतरण का दबाव बनाने का आरोपी गया जेल

कार्यालय संवादाता, लखनऊ

अमृत विचार: निजी स्कूल की 16 वर्षीय इंटरमीडिएट की छात्रा से यौन शोषण और मतांतरण के विरोध पर पिटाई करने के मामले में आशियाना पुलिस ने आरोपी अर्श रजा को बुधवार को जेल भेज दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने छात्रा का आपत्तिजनक फोटो वायरल करने की धमकी देकर उसका यौन शोषण कर गर्भनिरोधक गोलियां खिलाता था। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई थी। 23 मार्च को पीड़िता ने पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी।

इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह ने बताया कि आशियाना निवासी एक बैंक कर्मी की बेटी पीजीआई स्थित निजी स्कूल की छात्रा है। आरोप है कि वर्ष 2023 में स्कूल के ही सीनियर छात्र आशियाना निवासी अर्श रजा ने उसे प्रेम जाल में फंसाया। छात्रा की कुछ आपत्तिजनक फोटो और वीडियो हासिल कर आरोपी ने ब्लैकमेल करना शुरु कर दिया। आरोप है कि आरोपी ने छात्रा को कई जगह ले जाकर दुष्कर्म किया। विरोध पर पीटता और बदनाम करने की धमकी देता था। गर्भनिरोधक गोलियां खाने से छात्रा की हालत बिगड़ गई थी।

- आरोपी वीडियो वायरल करने की देता था धमकी, खिलाता था गर्भनिरोधक गोलियां

हाल ही में जब छात्रा की तबीयत ज्यादा खराब हुई, तो वह डॉक्टर के पास गई। सहमी छात्रा ने परिजन को आपबीती बतायी। आरोप है कि परिजन ने आरोपी के घरवालों से शिकायत की तो उन्होंने भी धमकाया। शिकायत पर पुलिस ने सोमवार को पॉक्सो एक्ट, दुष्कर्म, मारपीट, धमकी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। आरोपी अर्श रजा को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि गर्भपात कराने और धर्मांतरण के दबाव के आरोपों की गहनता से जांच कर रही है। जल्द ही पीड़िता का मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराया जाएगा।

मामूली विवाद में टेंपो चालक को मारा चाकू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: गोपालपुरवा पुलिस चौकी के पास मामूली विवाद में दबंग टेंपो चालक ने साथियों संग दूसरे टेंपो चालक पर हमला कर दिया। आरोपियों ने मारपीट के दौरान चाकू निकालकर टेंपो चालक पर वार कर दिया। गले व हाथ में चाकू लगने से युवक बुरी तरह घायल हो गया। चीखपुकार सुनकर आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े तो आरोपी धमकाते हुए भाग निकले। महानगर पुलिस ने घायल का इलाज कराने के बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

- गले व हाथ पर लगे वार, राहगीरों के दौड़ाने पर आरोपी भागे
- महानगर में एक नामजद व दो अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

अलीगंज के त्रिवेणीनगर निवासी विजय यादव निशातगंज से अमीनाबाद रूट पर टेंपो चलाता है। 24 मार्च की सुबह वे टेंपो लेकर जा रहे थे। करीब साढ़े आठ बजे करामत स्कूल के पास दूसरे टेंपो चालक अनवर बिहारी से मामूली बात पर विवाद हो गया। बात बढ़ने पर अनवर व उसके दो-तीन साथियों ने उनपर हमला कर दिया। विरोध करने पर अनवर ने चाकू निकालकर वार किए। गले और हाथ में चाकू लगने से विजय घायल हो गया।

महिला का आधार व पैन लगा करा लिया एक करोड़ का लोन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: पीजीआई इलाके में जालसाजों ने एक महिला के आधार कार्ड और पैन कार्ड का दुरुपयोग कर करीब एक करोड़ रुपये का लोन हासिल कर लिया। पीड़िता को ठगी की जानकारी तब हुई, जब उसने एक लोन के लिए बैंक में आवेदन किया। पीड़िता ने बुधवार को पीजीआई थाने में शिकायत की है।

तेलीबाग के खरिका निवासी ऑटो चालक अभिनव मौर्या की पत्नी कंचन ने बताया कि उन्होंने पहले लोन लिया था। जिसकी किस्तें जमा कर लोन समाप्त कर दिया था। बाद में पीड़िता ने नया लोन लेने के लिए निजी बैंक में आवेदन किया था। बैंक में आधार कार्ड और पैन कार्ड का सत्यापन होने पर पता चला कि उनकी आईडी पर पहले से ही भारी भरकम लोन चल रहा है। छानबीन में पता चला कि उनके नाम से 40 लाख का होम लोन और 40 लाख का ऑटो लोन स्वीकृत है। जिसकी कुल राशि करीब एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। यह सुनकर पीड़िता के पैरों तले जमीन खिसक गयी।

बुधवार को पीड़िता बेटे यश के साथ पीजीआई थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। कंचन ने बताया कि उनके मोबाइल पर किसी प्रकार का कोई ओटीपी और न ही कोई फोन आया है। न ही कोई सत्यापन हुआ। जालसाज ने उनके नाम से लोन हासिल कर लिया। पुलिस तहरीर लेकर मामले की जांच कर रही है। इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह ने बताया कि बैंक अधिकारियों से लोन की जानकारी की जाएगी। पीड़िता के नाम पर लोन है या वह गारंटर है। इसकी जानकारी भी बैंक से मांगी गयी है।

- बैंक पहुंची पीड़िता को ठगी का पता चला, पीजीआई थाने में शिकायत दर्ज

खड़े ट्रक में पीछे से भिड़ा कंटेनर, चालक फंसा

अमृत विचार , लखनऊ : रहीमाबाद स्थित ग्राम भतोइया में बने फ्लाईओवर पर मंगलवार देर रात सड़क पर खड़े ट्रक में पीछे से कंटेनर जा घुसा। टक्कर इतनी तेज थी कि कंटेनर के केबिन में चालक फंस गया। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि ग्राम भतोइया में बने फ्लाईओवर पर रात करीब दो बजे सड़क किनारे एक ट्रक खड़ा था। तभी हरदोई से लखनऊ सामान लेकर जा रहा कंटेनर ट्रक से टकरा गया। हादसे में कंटेनर चालक फंस गया। सूचना पाकर पहुंची रहीमाबाद पुलिस ने कंटेनर में फंसे चालक को बाहर निकालने का प्रयास किया। लेकिन चालक स्टेयरिंग में फंसा होने के कारण निकल नहीं सका। पुलिस और फायर की टीम ने गैस कटर से काटकर कंटेनर में फंसे चालक को बाहर निकाला। इंस्पेक्टर ने बताया कि कंटेनर चालक धर्मेंद्र कुमार (45) फतेहपुर के ग्राम मकदुमपुर कला का निवासी है।

युवक पर रॉड से हमला, घर में घुसकर महिलाओं से की अभद्रता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: मदेयगंज इलाके में दबंग भाइयों ने मंगलवार देर रात साथियों के साथ मिलकर एक व्यक्ति पर रॉड व डंडे से हमला कर लहूलुहान कर दिया। गाड़ी में तोड़फोड़ करने के साथ ही हमलावरों ने घर में घुसकर महिलाओं से भी अभद्रता की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद समेत 40-50 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

डालीगंज स्थित मोहल्ला कदम रसूल निवासी पीड़ित ने बताया कि 24 मार्च को घर पर ईद पर दावत थी। जिसमें मेहमान आए हुए थे। खाना खाने के बाद कुछ लोगों को छोडने के लिए पीड़ित स्कॉर्पियो कार से निकले थे। आरोप है कि रात लगभग 12 बजे नशे की हालत में मोहल्ले के ही रहने वाले मुमशाद खान, उनका भाई इम्तियाज खान व मेराज खान पीड़ित और परिवार को गालियां देने लगे।

- गाड़ी में की तोड़फोड़, पांच नामजद व 50 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज
- चार नामजद समेत 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस ने की रिपोर्ट दर्ज

विरोध पर तीनों भाइयों ने अन्य साथियों को बुलाकर लाठी डंडों और रॉड से हमला कर दिया। हमलावरों ने स्कॉर्पियो गाड़ी क्षतिग्रस्त कर दी। आरोप है कि आरोपियों ने घर के अंदर घुस कर महिलाओं से भी गाली गलौज और मारपीट करने के साथ ही तोड़फोड़ की। हमले में पीड़ित के सिर फट गया और शरीर के कई हिस्सों पर गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित का कहना है कि इस संबंध में वीडियो रिकॉर्डिंग भी मौजूद है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुमशाद खान, इम्तियाज खान, मेराज खान, आमिर, आसिफ समेत 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जालसाजी

सीबीआई, आरबीआई, दिल्ली पुलिस, कोर्ट व ट्राई अधिकारी बनकर फंसाया

रिटायर्ड विद्युत अधिकारी 43 दिन तक डिजिटल अरेस्ट, ठगे 1.18 करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: साइबर जालसाजों ने बिजली विभाग के रिटायर्ड अधिकारी को व्हाट्सएप कॉल कर मनी लांड्रिंग केस में जेल भेजने की धमकी दी। सीबीआई, आरबीआई, न्यायालय, दिल्ली पुलिस व ट्राई अधिकारी बनकर मनी लांड्रिंग के 17 केस दर्ज होने का डर दिखाया। जांच के नाम पर बैंक खातों की जानकारी ली। उन्हें 43 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखकर 1.18 करोड़ रुपये ठग लिए गए। पीड़ित की तहरीर पर साइबर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

- मनी लांड्रिंग के 17 केस दर्ज होने का दिखाया डर
- पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

गुडंबा के कंचना विहारी मार्ग स्थित अवध एंक्लेव निवासी 71 वर्षीय वीरेंद्र सिंह बिजली विभाग के रिटायर्ड अधिकारी हैं। उन्होंने बताया कि 15 दिसंबर को एक कॉल आयी। फोन के पीछे मौजूद शख्स ने खुद को भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण से संजय शर्मा बताया। बताया कि आपके खिलाफ मनी लांड्रिंग के 17 मामले सीबीआई ने दर्ज किए हैं। मनी लांड्रिंग का नाम सुनकर बुजुर्ग डर गए। उन्हें मनी लांड्रिंग में जल्द गिरफ्तार करने की धमकी दी गयी।

पीड़ित ने खुद को बेगुनाह बताया। इस पर उन्हें कहा गया कि आपके खाते की जांच होगी। अगर सब सही निकला तो आपको क्लीन चिट दी जाएगी वरना आपको मजबूरन गिरफ्तार करना होगा। जाल में फंसाकर करीब एक माह तक बात करते रहे और आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाते, निवेश व संपत्ति की जानकारी लेते रहे। इस दौरान एक जालसाज ने खुद को सीबीआई अधिकारी प्रदीप कुमार बनकर वीडियो कॉल पर बात की। बताया कि आपका खाता फ्रीज कर संपत्ति जब्त की जाएगी।

पीड़ित ने कहा कि वे जांच में सहयोग कर रहे हैं। इस पर जालसाज ने सीबीआई, आरबीआई और न्यायालय अधिकारी बनकर जांच, जमानत व क्लीयरेंस के नाम पर 16 जनवरी 2026 से 27 फरवरी के बीच पांच बार में 1,17,90,000 रुपये ऐंठ लिए। धमकाया कि अगर किसी को कुछ बताया तो उन्हें पकड़ना पड़ेगा। वे लगातार सर्विलांस की नजर पर हैं। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने सोना गिरवी और उधार लेने के लिए भी मजबूर किया। इसके बाद आरोपियों का नंबर बंद हो गया। शक होने पर वीरेंद्र ने बच्चों को आप बीती बतायी तो साइबर ठगी का पता चला। करीब 1.18 करोड़ की ठगी का एहसास होने पर वीरेंद्र ने 23 मार्च को साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

पांच प्रांतों के खाते में ट्रांसफर हुई रकम

- छानबीन में पता चला कि ठगी के 1.18 करोड़ रुपये बिहार, ओडिशा, राजस्थान, इंदौर व गाजियाबाद के खातों में भेजी गयी। जालसाज ने पटना के शिव शक्ति सेरेमिक फर्म, ओडिशा में इंडिया मार्ट की रजिस्टर्ड फर्म सिनोवैक्स, गाजियाबाद के सोनीपाल ई कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड, राजस्थान भिलवाड़ा के गौरव रब व्यास और इंदौर में रोहन वेचन के खाते में रकम ट्रांसफर करायी थी।

प्रोफेसर के माता-पिता को किया डिजिटल अरेस्ट, ऐंठे 12.90 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: साइबर जालसाजों ने आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर के बुजुर्ग माता-पिता को डिजिटल अरेस्ट किया। इंदिरानगर सी-ब्लॉक निवासी 41 वर्षीय डॉ. सौरभ तिवारी दिल्ली आईआईटी के डिजाइन विभाग में सहायक प्रोफेसर हैं। उनके पिता महेश चंद्र तिवारी एलआईसी से रिटायर्ड हैं। सौरभ ने बताया कि मां गीता तिवारी के मोबाइल पर 16 मार्च को एक अज्ञात नंबर से कॉल आयी। फोन के पीछे मौजूद शख्स ने खुद को एटीएस अधिकारी बता कहा कि आपका और आपके पति महेश चंद्र तिवारी का आधार कार्ड और बैंक खाता मनी लांड्रिंग के साथ ही आतंकी फंडिंग में इस्तेमाल हुआ है।

धमकाया कि जांच चल रही है। जांच पूरी होने तक आप किसी से बात नहीं करेंगे और न ही किसी को कुछ बताएंगे। जालसाज ने बुजुर्ग दंपति को डिजिटल अरेस्ट कर एक ही जगह पर बैठने की बात कही। यही नहीं वीडियो कॉल पर लगातार निगरानी कर उन्हें बैंक भी भेजा गया। 18 मार्च तक दंपति को धमकाकर एफडी तुड़वाकर 12.90 लाख ट्रांसफर करा लिए। माता-पिता को तनाव में देख परिजन ने बात की तो साइबर ठगी का पता चला। डॉ. सौरभ तिवारी ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अमृत विचार

www.amritvichar.com

सिटी ब्रीफ

अरविंदाक्षन को आज मिलेगा सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ : प्रख्यात साहित्यकार ए अरविंदाक्षन को कल 26 मार्च को केपी सिंह मेमोरियल सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। जनवादी लेखक संघ के महासचिव नलिन रंजन सिंह ने बताया कि ए अरविंदाक्षन को वरिष्ठ कवि नरेश सक्सेना के हाथों से यह सम्मान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सम्मान के बाद साहित्य की संस्कृति अर्थात प्रतिरोध की संस्कृति विषय पर उनका व्याख्यान भी होगा। व्याख्यान के तुरंत बाद 5 नवोदित कवियों का कविता पाठ होगा। इस सत्र में प्रदीप्त प्रीत, सुमैय्या खान, नीरज, रक्षित पांडेय और ब्रजराज सिंह यादव की कविताएं सुनने को मिलेंगी।

डॉ. प्रवीण शुक्ल को मिलेगा लंतरानी सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ : वार्षिक हास्य उत्सव लंतरानी का आयोजन एक अप्रैल को गोमतीनगर स्थित लोहिया पार्क के मुक्ताकाशी मंच पर शाम 6 बजे होगा। इसमें नौवां लन्तरानी सम्मान दिल्ली के प्रसिद्ध कवि डॉ. प्रवीण शुक्ल को दिया जाएगा। लंतरानी के संस्थापक हास्य कवि सर्वेश अस्थाना ने बताया कि हास्य कवि सम्मेलन में हेमंत पांडेय, चेतन चर्चित और उत्कर्ष उत्तम आदि सम्मिलित होंगे। इस वर्ष हास्य कटघरे में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, पूर्व जलशक्ति मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह और महापौर सुषमा खर्कवाल को खड़ा किया जाएगा। गवाह एमएलसी पवन सिंह चौहान और इं. अवनीश सिंह होंगे। लंतरानी में इस वर्ष भी दो विशेष पुरस्कार पत्नी का पिछलग्गू व पत्नी भक्त भी दिए जाएंगे।

सूर्यकुमार को मिलेगा बेढब बनारसी सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ : इस वर्ष का बेढब बनारसी रंगभारती सम्मान प्रख्यात व्यंग्यकार सूर्यकुमार पांडेय को दिया जाएगा। पहली अप्रैल को रवीन्द्रालय में रंगभारती की ओर से आयोजित घोंघा बसंत सम्मेलन में पांडेय को सम्मानित किया जाएगा। रंगभारती के अध्यक्ष श्याम कुमार ने बताया कि 1961 में घोंघा बसंत सम्मेलन शुरू किया था। इस बार होने वाले 65वें सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मुख्य अतिथि होंगे।

निक्षय मित्र सतेंद्र को किया सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : विश्व टीबी दिवस के अवसर पर केजीएमयू के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत के मार्गदर्शन में नर्सिंग ऑफिसर और निक्षय मित्र सत्येन्द्र कुमार ने 24 टीबी मरीजों को गोद लेकर 'पोषण पोटली' वितरित की। इस दौरान सराहनीय योगदान के लिए निक्षय मित्र सत्येन्द्र को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि रजिस्ट्रार अर्चना गहरवार, सीएमएस डॉ. बी.के ओझा और एमएस डॉ. सुरेश कुमार उपस्थित रहे।

75 अभ्यर्थियों ने किया आवेदन

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र परिवहन निगम लखनऊ क्षेत्र की ओर से चालक प्रशिक्षण संस्थान अवध बस स्टेशन कमता में चल रहे संविदा चालक भर्ती रोजगार मेले में तीन दिन में 75 अभ्यर्थियों ने किया। क्षेत्रीय प्रबंधक अमरनाथ सहाय ने बताया कि 23 मार्च को 30 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। इसमें तीन आवेदन निरस्त हो गए। 24 को 23 आवेदनों में दो और 25 मार्च को 22 में एक आवेदन हुआ। कुल 75 आवेदनों में छह आवेदन निरस्त किए गए। एक आवेदक अनुपस्थित रहा। प्रथम चालक टेस्ट में 68 अभ्यर्थी अर्ह पाए गए। सहाय ने बताया कि संविदा चालकों की भर्ती के लिए ऐसे मेलों का आयोजन होता रहेगा।

चैती छठ का अर्घ्य के साथ हुआ समापन

अमृत विचार, लखनऊ : अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय के नेतृत्व में चैती छठ महापर्व का आयोजन गोमती तट स्थित लक्ष्मण मेला मैदान छठ घाट पर श्रद्धा और भक्ति के साथ समापन हुआ। बुधवार को प्रातः व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं ने उदयमान सूर्य भगवान को अर्घ्य अर्पित कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान व्रती महिलाओं ने एक-दूसरे को लंबा सिंदूर लगाकर अखंड सौभाग्यवती होने की कामना की और पारंपरिक प्रसाद ठेकुआ ग्रहण कर व्रत का पारण किया।

आज-कल होंगे अर्धनारीश्वर की दुर्लभ मूर्ति के दर्शन

श्री बड़ी काली जी मंदिर : अष्टमी को सुबह 9 बजे रुद्राभिषेक के बाद खोले दिए जाएंगे कपाट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: चैत्र नवरात्र के सातवें दिन भक्तों ने देवी के कालरात्रि स्वरूप की विशेष पूजा-अर्चना की। चौक स्थित मठ श्री बड़ी काली जी मंदिर में सुबह से ही दर्शन और पूजन के लिए कतारें लगी रहीं। अष्टमी और नवमी को मंदिर में 2500 वर्ष प्राचीन अष्टधातु से निर्मित अर्धनारीश्वर की दुर्लभ मूर्ति के दर्शन कराए जाएंगे।

मंदिर के महंत स्वामी विवेकानंद गिरी महाराज ने बताया कि मां कालरात्रि नवदुर्गा का सातवां स्वरूप है, जिनका रूप अत्यंत उग्र और भयानक माना जाता है। उनके तीन नेत्र हैं और गले में विद्युत की माला सुशोभित रहती है। श्रद्धालु इस दिन विशेष रूप से मां से भय और संकटों से मुक्ति की कामना करते हैं।

मीडिया प्रभारी अभय उपाध्याय ने बताया कि अष्टमी और नवमी को अष्टधातु से निर्मित अर्धनारीश्वर की दुर्लभ मूर्ति के दर्शन कराए जाएंगे। अष्टमी को सुबह 9 बजे रुद्राभिषेक के बाद मूर्ति की स्थापना कर कपाट खोले दिए जाएंगे। नवमी की रात्रि भोग आरती के पश्चात मूर्ति को पुनः सुरक्षित रख लिया जाएगा। मंदिर की व्यवस्थाओं में मुकुंद मिश्रा, शिवम पंडित, शक्तिदीन अवस्थी, आदर्श महाराज, राहुल, तुषार, देवराज सिंह, दीप प्रकाश, विकास तिवारी, पंकज उपाध्याय सहित अन्य सेवादारों का विशेष सहयोग रहा।

आईआईएम रोड स्थित महर्षि विश्वविद्यालय में कन्या पूजन करते सर्वेश पाठक और अन्य। अमृत विचार

मरी माता मंदिर में होती है ज्योति की पूजा

अमृत विचार, गोसाईगंज : लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे पर अर्जुनगंज पुल के पास स्थित मरी माता मंदिर में कोई मूर्ति नहीं है। 150 से 300 वर्ष पुराने मंदिर में गर्भगृह में ताखा में अखंड दीपक निरंतर जलता रहता है। दीपक को ही देवी का निराकार स्वरूप मानकर पूजा जाता है। वर्ष 2012 से सेवा कर रहीं सेवादार सोनम यादव ने बताया कि एक सेवादार के पिता को स्वप्न में माता ने दर्शन देकर ताखा बनाने को कहा था। चमत्कारों के कारण मंदिर की ख्याति फैलती गई। एक बस दुर्घटना में यात्रियों के सुरक्षित बचने के बाद श्रद्धालुओं का विश्वास और गहरा हो गया। घंटी वाला मंदिर के नाम से भी प्रसिद्ध इस मंदिर में मनोकामाएं पूरी होने पर भक्त पीतल की घंटियां और चुनरी चढ़ाते हैं। मंदिर परिसर में हजारों घंटियां बंधी हुई हैं। नवरात्र में यहां मुंडन, भंडारा और जागरण जैसे आयोजन भी होते हैं।

संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल ने किया 101 कन्याओं का पूजन

अमृत विचार, लखनऊ : संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के बैनर तले आईआईएम रोड स्थित महर्षि यूनिवर्सिटी नवरात्र की सप्तमी तिथि पर 101 कन्याओं के पूजन किया गया। मुख्य अतिथि सर्वेश पाठक ने सभी कन्याओं को दक्षिणा और अन्य चीजें भेंट की। उन्होंने कहा कि कन्याएं समाज की धरोहर हैं, ये भविष्य में देश और समाज का नेतृत्व करेंगी। उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। इस मौके पर संगठन की टीम गठित करने के साथ राष्ट्रीय स्तर पर लोगों को नियुक्ति पत्र दिए गए। संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की नई वेबसाइट, नए ऐप और 10 राज्य व उत्तर प्रदेश के सभी जिलों के पदाधिकारियों की सूची जारी की गई।संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल महिला विंग की अध्यक्ष गीता गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पारुल मोहन त्रिपाठी, पारुल मोहन त्रिपाठी, रानू सिंह, अभिषेक पाल, संदीप साहू, प्राची पाण्डे, गीता गुप्ता, हरविंदर तेजा, सुनीता चटर्जी, रुचि सिंह, उजमा, ज्योति तिवारी, मोनिका पाल, प्रीति गुप्ता, मानसी चटर्जी, उत्पल चटर्जी, मोहन त्रिपाठी, अतुल कुमार तिवारी, प्रियंका वर्मा, अरविंद गुप्ता, विभा पांडेय, अंजली साहू, वंदना गुप्ता, मुकेश गुप्ता, संजीव साहू आदि उपस्थित रहे।

भाजपा ने घोषित की मंडल कार्यकारिणी

अमृत विचार, लखनऊ : भाजपा लखनऊ महानगर ने पूरब की पांच, सरोजनीनगर दो एवं तीन मंडल की कार्यकारणी घोषित कर दी है। चिनहट शहरी (पूरब मंडल-5) के अध्यक्ष श्रवण मिश्रा, सरोजनी नगर मंडल दो अध्यक्ष विनोद मौर्या, सरोजनी नगर मंडल तीन अध्यक्ष रमाकांत मिश्रा ने मंडल कार्यकारणी की घोषणा की। भाजपा लखनऊ महानगर में 25 मंडलों में 22 मंडलों की घोषणा पहले की जा चुकी है। मंडल टीम में दो महामंत्री, छः उपाध्यक्ष, छः मंत्री, एक कोषाध्यक्ष और अन्य 45 पदाधिकारी शामिल किया गया।

चिनहट शहरी पूरब मंडल

चिनहट शहरी पूरब मंडल पांच में महामंत्री ज्ञान प्रकाश गुप्ता, बृजेश लोधी, उपाध्यक्ष नीरज गुप्ता, राजेश कुमार, शुभम सिंघल, शशि कु यति, अभिषेक शुक्ला, संजीव कुमार, मंत्री राकेश कुमार सिंह, सौरभ वर्मा, सुमन गुप्ता, शिवम गुप्ता, तुषार दत्त तिवारी, सतीश लोधी, कोषाध्यक्ष सीतू रावत और अन्य पदाधिकारी शामिल किए गए हैं।

सरोजनी नगर मंडल दो

सरोजनी नगर मंडल दो में महामंत्री अखिलेश कुमार त्रिपाठी, नितेश वार्ष्णेय, उपाध्यक्ष कार्तिकेय दीक्षित, अशोक चौधरी, हनुमान प्रसाद, वीरेंद्र सिंह, सुभाष चंद्र जेटली, रमाशंकर दुबे, मंत्री ई अजेंद्र पाण्डेय, मुकेश मौर्या, पूनम यादव, राजकुमारी कोरी, रमेश वर्मा, राजीव कुमार मिश्रा कोषाध्यक्ष ऋतु सिंह हैं।

सरोजनी नगर मंडल तीन

सरोजनी नगर मंडल तीन में महामंत्री संतोष सिंह सेगर, विनय सूदन, उपाध्यक्ष डॉ हेमंत कुमार, सुरेश कुमार, अपर्णा भारती, मोहन भट्ट, विनीता तिवारी, नीरज शुक्ला, मंत्री संतोष रावत, संजीव सिंह, संगीता देवी, मनोज कुमार रावत, शेष नारायण दीक्षित, रजत अवस्थी, कोषाध्यक्ष आंचल साहू आदि हैं। मीडिया प्रभारी अनुराग साहू ने बताया कि महामंत्री घनश्याम दास अग्रवाल, सतेन्द्र सिंह, टिंकू सोनकर, उपाध्यक्ष योगेंद्र पटेल, विनायक पाण्डेय, दीपू शुक्ला, मंत्री सतीश मिश्रा, कोषाध्यक्ष मनोज के गुप्ता, कार्यालय मंत्री डेनिश सोनकर, सह मंत्री शैलेन्द्र राय, मयंक वाजपेयी उपस्थित रहें।

लालबारादरी में लगी प्रदर्शनी में अनिल शर्मा की पेंटिंग देखते अनुपम और अन्य लोग। अमृत विचार

रिसाल के छायाचित्रों और अनिल शर्मा के चित्रों की प्रदर्शनी शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : लाल बारादरी स्थित राज्य ललित कला अकादमी में बुधवार को प्रख्यात छायाकार अनिल रिसाल सिंह के लगभग 100 छायाचित्रों की प्रदर्शनी शुरू हुई। जिसमें श्वेत श्याम सीरीज में लखनऊ की ऐतिहासिक इमारतों के चित्रों के साथ हिल स्टेशन के सुन्दर चित्र देखने को मिल रहे हैं। इसी अवसर पर वाराणसी के चित्रकार अनिल कुमार शर्मा द्वारा जलरंग में सृजित देश के अनेक महत्वपूर्ण नगरों, स्थानों के चित्रों के साथ ही प्रकृति पर आधारित चित्रों सहित लगभग 80 कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं। प्रदर्शनी का उद्घाटन भारतीय मजदूर संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अनुपम द्वारा अकादमी के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा, सदस्य सुनील कुमार सिंह कुशवाहा और निदेशक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अकादमी की ओर से दोनों कलाकारों अनिल रिसाल सिंह तथा अनिल शर्मा को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त करने के साथ ही राज्य ललित कला अकादमी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय छायाचित्र कला प्रदर्शनी में भी पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं।

कच्चा माल कारखाने में डंप, दवा के लिए मरीज परेशान

अमृत विचार, लखनऊ : राजकीय आयुर्वेद कॉलेज व अस्पताल में पिछले कई महीनों से चल रहा दवाओं का संकट अभी दूर नहीं हो सका है। दवा खरीद के बाद पीसने के लिए कारखाने में डंप हैं। मरीज बाहर से महंगी दर पर दवाएं खरीदने को मजबूर हैं।

राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय की ओपीडी में प्रतिदिन करीब 600 से 700 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। मरीजों का कहना है कि डॉक्टरों द्वारा पर्चे पर लिखी गई दवाओं में से केवल दो-तीन दवाएं ही अस्पताल से मिल पा रही हैं, जबकि शेष दवाएं बाहर से खरीदनी पड़ रही। कॉलेज की आरसी सूची में 40 प्रकार की दवाएं दर्ज हैं, लेकिन वर्तमान में इनमें से केवल 15 से 20 दवाएं ही उपलब्ध हैं। बीते माह शासन की ओर से दवाओं की खरीद के लिए 17 लाख रुपये का बजट जारी किया गया है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार मौर्य ने बताया कि दवाएं पीसने के बाद आपूर्ति शुरू हो गई है। कुछ दवाएं बुधवार को भी आई हैं।

... तब कृष्ण ने बसाई द्वारिका नगरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: ऐशबाग रामलीला मैदान में चल रहे चैती महोत्सव के छठे दिन बुधवार को कृष्णलीला में जरासंध द्वारा लगातार किये गये 17 आक्रमणों के बाद मथुरा वासियों को हताशा से निकालने के लिए कृष्ण द्वारिका नगरी का निर्माण करते हैं।

कृष्ण के मथुरा से द्वारका जाने के बाद जरासंध मथुरा पर कब्जा कर वहां का राजा बन जाता है। तो दूसरी ओर कृष्ण का द्वारिका नगरी में हर्षोल्लास के साथ राज्याभिषेक किया गया। राजा बनने के बाद कृष्ण अपने दूत को संधि पत्र देकर हस्तिनापुर भेजते हैं। मथुरा में कृष्ण के जीवित होने की खबर मिलते ही जरासंध भयभीत हो उठता है, तो दूसरी ओर हर्षोल्लास के बीच कृष्ण और रुकमिणी विवाह के मंचन के साथ छठे दिन की लीला के मंचन का समापन किया गया। चैती महोत्सव के सांस्कृतिक मंच पर नृत्य मंथन स्कूल ऑफ डांस की ओर से श्याम की जोगन, जब बंसी बजाता है, हे गोपाल कृष्ण... जैसे कृष्ण भजनों पर अंकिता वाजपेई ने नृत्य प्रस्तुति दी।

संविदा कर्मियों की छंटनी पर बवाल

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ में बिजली विभाग में संविदा कर्मियों की छंटनी को लेकर विवाद तेज हो गया है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की है। समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि अक्टूबर 2024 में लेसा क्षेत्र से 171 संविदा कर्मियों को हटाया गया था। इसके बाद अमौसी क्षेत्र में 25 और हाल ही में 56 कंप्यूटर ऑपरेटरों की सेवाएं समाप्त कर दी गईं। अब एक अप्रैल से लगभग 326 और कर्मियों की छंटनी की तैयारी है। समिति ने यह भी आरोप लगाया कि अन्य विभागों में संविदा कर्मियों का मानदेय बढ़ाकर न्यूनतम 16,000 रुपये किया जा रहा है, जबकि बिजली विभाग में इसके उलट छंटनी हो रही है। इसे निजीकरण को बढ़ावा देने की साजिश बताया गया है। समिति ने चेतावनी दी है कि यदि निर्णय वापस नहीं लिया गया तो गर्मियों में व्यापक आंदोलन होगा।

एसजीपीजीआई में हुई कार्यशाला

अमृत विचार, लखनऊ : एसजीपीजीआई के सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग की ओर से बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में ब्रेन डेड डोनर से लिवर, गुर्दा समेत अन्य अंगों को सुरक्षित निकालने की आवश्यक प्रक्रियाओं पर विस्तृत जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य अंग प्रत्यारोपण सेवाओं को अधिक प्रभावी और सुगम बनाना रहा। संस्थान निदेशक डॉ. आरके धीमान और लिवर ट्रांसप्लांट प्रभारी डॉ. सुप्रिया शर्मा ने अंग प्रत्यारोपण को सफल बनाने में सामूहिक प्रयासों की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि टीम वर्क और जागरूकता के बिना अंगदान की प्रक्रिया को गति देना संभव नहीं है। विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि लिवर, किडनी समेत अन्य अंगों के प्रत्यारोपण को बढ़ाने के लिए समाज में अंगदान के प्रति जागरूकता बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में संस्थान के डीन डॉ. शालीन कुमार, सीएमएस डॉ. देवेन्द्र गुप्ता, एमएस डॉ. आर हर्षवर्द्धन तथा केजीएमयू के गैस्ट्रो सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. अभिजीत चंद्रा सहित कई वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित रहे।

सिटी डायरी

डाक अदालत में शिकायतें निस्तारित

डाक अदालत में समस्या सुनते अधिकारी।

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ परिक्षेत्र के पोस्ट मास्टर जनरल कार्यालय में बुधवार को डाक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें डाक सेवाओं से जुड़ी शिकायतों का त्वरित समाधान किया गया। इस आयोजन की देखरेख पोस्ट मास्टर जनरल सुनील कुमार राय ने की। अदालत में आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर सुना गया। पीएमजी सुनील कुमार राय ने बताया कि डाक अदालत का उद्देश्य आम नागरिकों को पार्सल, रजिस्ट्री, मनीऑर्डर और अन्य डाक सेवाओं से संबंधित शिकायतों के त्वरित निस्तारण की सुविधा प्रदान करना है। हजरतगंज स्थित पीएमजी कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में अधिकारियों ने मौके पर ही कई मामलों का समाधान किया, जिससे लोगों को राहत मिली। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह की डाक अदालतों का आयोजन समय-समय पर किया जाता है ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं का शीघ्र और प्रभावी निपटारा हो सके।

सभा को संबोधित करते अध्यक्ष गोपाल राय।

वेतन वृद्धि और सुरक्षा के मुद्दे उठाए

अमृत विचार, लखनऊ : खुर्रम नगर चौराहा स्थित एक निजी पैलेस में उत्तर प्रदेश ग्राम चौकीदार सभा का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अध्यक्ष गोपाल राय उपस्थित रहे। कार्यक्रम में चौकीदारों की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। वक्ताओं ने कहा कि एक चौकीदार पूरे गांव की जिम्मेदारी निभाता है, जबकि कागजों में उसकी ड्यूटी केवल दो दिन दर्शाई जाती है। इसके अलावा, चौकीदारों को थानों पर बेगारी कराने, यहां तक कि नाली व शौचालय साफ कराने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सभा में मनीष राय, ओम शंकर गुप्ता, हिमांशु धवल, जितेंद्र नारायण, दीपक यादव, पंकज अग्रवाल तथा अनूप त्रिपाठी सहित कई लोग मौजूद रहे।

प्रदर्शन करते संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति के सदस्य।

पेंशनर्स ने किया विरोध प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश की लखनऊ शाखा के नेतृत्व में बुधवार को बीएन प्रतिमा पर पेंशन वैधता अधिनियम 2025 के विरोध में प्रदर्शन किया गया। नेतृत्व संयोजक रमेश चन्द्र श्रीवास्तव और सह संयोजक हरि शंकर श्रीवास्तव ने किया। इसके पश्चात प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा गया। ज्ञापन में कहा गया कि यह अधिनियम केंद्र सरकार को पेंशनर्स के बीच वर्गीकरण करने का अधिकार देता है, जिससे समानता का सिद्धांत प्रभावित होगा। पेंशनर्स का कहना है कि यदि अधिनियम लागू रहा तो सेवानिवृत्ति की तिथि के आधार पर पेंशन में भेदभाव किया जाएगा।

आयुष्मान कार्ड बने

शिविर में पंजीयन कराते स्थानीय लोग।

अमृत विचार, लखनऊ : बोरा फाउंडेशन एवं सेवा अस्पताल के तत्वावधान में फैजुल्लागंज के विष्णुपुरी कॉलोनी के चौबे डेयरी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 222 लोग पहुंचे। चिकित्सकों ने ब्लड प्रेशर, शुगर, वजन और शारीरिक जांच कर उन्हें परामर्श दिया। साथ ही साथ 93 लाभार्थियों के निःशुल्क आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। इसके अलावा नेत्र परीक्षण कर चश्मे भी वितरित किए गए। मौसमी बीमारियों से बचाव के सुझाव भी दिए।

गुदगुदाया संत गाडगे प्रेक्षागृह में किया गया हास्य नाटक का मंचन

दिल की दुकान ने दिया सब्र का महामंत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की ओर से आयोजित दो दिवसीय राज्य नाट्य समारोह के दूसरे दिन बुधवार को अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में हास्य नाटक दिल की दुकान का मंचन किया गया। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा के सहयोग से आयोजित नाट्य समारोह में कानपुर की अनुभूति नाट्य इकाई ने रतन सिंह राठौर के निर्देशन में इसका मंचन किया।

नाटक दिल की दुकान ने सब्र का महामंत्र दिया। कार्यक्रम की शुरुआत अकादमी की उपाध्यक्ष विभा सिंह, वरिष्ठर रंगकर्मी डॉ. अनिल रस्तो गी और पूर्व आईएएस रमेश मिश्रा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुई। राजेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा लिखित हास्य नाटक दिल की दुकान ने यह संदेश दिया कि परिवार में परस्पर सामंजस्य ही सफलता का आधार है। कथानक के अनुसार इस बाजारवाद के युग में एक दुकान ऐसी भी परिकल्पित की गई जहां लोग अपने मन माफिक दिल का चयन कर सकते हैं।

नाटक में सबसे पहले ऐसा परिवार दिखाया गया जिसका नायक अव्वल दर्जे का कंजूस होता है। इसके कारण उसकी पत्नी तंग आ कर उसे बादशाह का दिल लगवा देती है। उसकी यह युक्ति काम करती है पर बाद में अति हो जाती है। वह कंजूस, हकीकत में अपने को बादशाह समझ कर अपना धन दोनों हाथों से लुटाना शुरु कर देता है। इससे पत्नी परेशान हो उठती है।

नाटक के दूसरे प्रसंग में दिखाया गया कि झगड़ालू पत्नी से तंग आकर पति उसका दिल लैला के दिल से बदलवा देता है। फिर क्या था उसकी पत्नी सुबह शाम, प्यार ही प्यार लुटाने लगती है। आखिरकार उसका पति भी परेशान हो उठता है। नाटक में एक ऐसा परिवार भी दिखाया गया जिसमें पति शराबी होता है। ऐसे में उसकी पत्नी उसका दिल स्वामी महात्मा के दिल से बदलवा देती है।

संतगाडगे प्रेक्षागृह में दिल की दुकान नाटक का मंचन करते कलाकार।

ईरानी पहलवान इरफान ने जीती कुश्ती

एसएसबी के भारतीय पहलवान हर्ष राणा को दी पटखनी, ढाई मिनट में खिताब किया अपने नाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: शहर के केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित अटल बिहारी वाजपेयी इंडोर हॉल बुधवार को उस वक्त तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा, जब अंतरराष्ट्रीय ईरानी पहलवान इरफान मैट पर पहुंचे। हर किसी को ईरान के इस फौलादी पहलवान के दांव-पेचों का इंतजार था। प्रदर्शनी मुकाबले में उनके सामने एसएसबी के मजबूत भारतीय पहलवान हर्ष राणा की चुनौती थी, लेकिन इरफान के अनुभव और चपलता के आगे वह टिक न सके।

ईरान के पहलवान मो. इरफान व भारत के पहलवान हर्ष राणा को आशीष देते पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह पूर्व मंत्री यशवन्त सिंह व अन्य।

जैसे ही दोनों पहलवानों ने हाथ मिलाया, दर्शकों ने 'शाबाश इरफान' और 'वेलडन हर्ष' के नारों से माहौल को जोश से भर दिया। मुकाबले की शुरुआत से ही इरफान ने आक्रामक रुख अपनाया और हर्ष पर लगातार दबाव बनाए रखा। अपनी खास तकनीक और फुर्ती का मुजाहिरा पेश करते हुए इरफान ने महज ढाई मिनट के भीतर अंकों के आधार पर हर्ष राणा को पराजित कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। जीत दर्ज करते ही दर्शकों का उत्साह चरम पर पहुंच गया। फैंस ने ईरानी पहलवान को चारों तरफ से घेर लिया और उनके साथ सेल्फी व फोटो खिंचवाने की होड़ मच गई। लखनऊ की जनता से मिले इस अपार प्रेम से अभिभूत होकर इरफान ने सभी का हाथ जोड़कर आभार व्यक्त किया।

- दर्शकों ने लगाए 'शाबाश इरफान' और 'वेलडन हर्ष' के नारे
- ईरानी पहलवान के साथ सेल्फी लेने के लिए उमड़ी प्रशंसकों की भीड़

लखनऊ अवध ने जीता रेसलिंग गोल्ड कप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: केडी सिंह बाबू स्टेडियम के इंडोर हॉल में आयोजित रेसलिंग गोल्ड कप में लखनऊ अवध टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में लखनऊ अवध ने पश्चिम फाइटर्स को 8-1 के बड़े अंतर से हराकर अपना दबदबा कायम रखा।

फाइनल में लखनऊ अवध के खिलाड़ियों ने हर वर्ग में दमदार प्रदर्शन किया। पुरुष वर्ग के 57 किग्रा में राहुल ने विवेक को, 65 किग्रा में विक्की ने कुलदीप राणा को, 74 किग्रा में सिद्धार्थ ने विकल को, 86 किग्रा में मोहित कुमार ने विशाल कुमार को और 86 किग्रा से अधिक भारवर्ग में हर्ष राणा ने ऋषभ को हराया।

महिला वर्ग में भी लखनऊ अवध की खिलाड़ियों का दबदबा रहा। 53 किग्रा में इशिका ने पूनम सोलंकी को, 57 किग्रा में नीतू ने रिया को और 65 किग्रा में एन चानू ने रिशू कुमार को मात दी। हालांकि 65 किग्रा से अधिक भारवर्ग में पश्चिम फाइटर्स की इतिका ने लखनऊ अवध की सुनीता को हराकर अपनी टीम के लिए एकमात्र जीत दर्ज की।

इस अवसर पर कुश्ती एसोसिएशन के सचिव राजेश सिंह ने सभी खिलाड़ियों का आभार जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

- फाइनल में पश्चिम फाइटर्स पर शानदार जीत

सिटी ब्रीफ

30 और 31 को होगी पीएचडी प्रवेश परीक्षा

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय की सत्र 2025-26 की पीएचडी प्रवेश परीक्षा 30 मार्च और 31 को दोनो परिसरों में होगी। प्रवेश परीक्षा होने के कारण छात्रहितों को ध्यान में रखते हुये 30 मार्च को ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की जाएंगी।

आईआरआईटीएम में वित्तीय अनुशासन पर जोर

अमृत विचार, लखनऊ: मंजूषा जैन सदस्य (वित्त) रेलवे बोर्ड व भारत सरकार की पदेन सचिव ने भारतीय रेलवे परिवहन प्रबंधन संस्थान लखनऊ का दौरा किया। उन्होंने आईआरएमएस प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद कर वित्तीय अनुशासन, सुशासन, जवाबदेही और पारदर्शिता पर विचार साझा किए। इस अवसर पर महानिदेशक रंजन प्रकाश ठाकुर, अपर महानिदेशक संजय त्रिपाठी सहित संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

पौधरोपण कर दिया पर्यावरण रक्षा का संदेश

अमृत विचार, लखनऊ: डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के प्रबंधन एवं फार्मेसी संकाय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से संयुक्त रूप से विशेष शिविर का शुभारंभ बुधवार से किया गया। एनएसएस की ओर से शिविर ग्राम रैथा एवं दुग्गोर में लगाया गया। शिविर के पहले दिन स्वयंसेवकों पौधरोपण कर ग्रामीणों को पर्यावरण का संदेश दिया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर बल देते हुए अधिक से अधिक पौधरोपण एवं उनके संरक्षण के बारे में बताया गया। इस अवसर पर डीन छात्र कल्याण प्रो. ओपी सिंह, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. विनय चतुर्वेदी, कार्यक्रम अधिकारी आरजू गुप्ता, उप कार्यक्रम समन्वयक डॉ. गजेंद्र कुमार गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी अंजली सिंह, फार्मेसी के कक्षा समन्वयक शुभांश त्रिपाठी एवं सत्येंद्र पांडेय ने सहयोग प्रदान किया।

शकुंतला विवि में शोध पद्धति पर हुआ मंथन

अमृत विचार, लखनऊ: डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के अंग्रेजी एवं अन्य विदेशी भाषा विभाग द्वारा 24-25 मार्च को दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में देशभर से आए विद्वानों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लेकर शोध पद्धति और अकादमिक लेखन के समकालीन आयामों पर गहन चर्चा की। कार्यक्रम का संयोजन प्रो. वी. के. सिंह एवं सह-संयोजन डॉ. विपिन कुमार पांडेय ने किया। मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. आरबी शर्मा ने मानविकी शोध में पद्धतिगत कठोरता की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं प्रो. ओएन उपाध्याय और प्रो. एचसी हजेला ने शोध-डिज़ाइन, सैद्धांतिक रूपरेखा और बौद्धिक ईमानदारी पर अपने विचार साझा किए। प्रो. आरपी सिंह ने अंतर्विषयक दृष्टिकोण और शोध की सामाजिक प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला, जबकि प्रो. एच. एन. प्रसाद ने डेटा विश्लेषण एवं प्रभावी लेखन के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी।

शोध छात्रों को किया गया जागरूक

अमृत विचार, लखनऊ: ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में ट्रिलबिट पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। ट्रिलबिट वह तकनीक है जिससे शोध छात्रों के प्लेजरिज्म की जांच की जाती है। कार्यक्रम में शोधार्थियों और शिक्षकों को ट्रिलबिट जैसे आधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग से परिचित कराया गया। प्रशिक्षण सत्र में आकाश ने लाइव डेमो के माध्यम से प्रतिभागियों को प्लेटफॉर्म के उपयोग की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की, जिससे उन्हें तकनीकी प्रक्रियाओं को समझने में सहजता हुई। संयोजक सौबान सईद, समन्वयक डॉ. सैयद असगर हुसैन रिज़वी व कार्तिकेय प्रकाश ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के अनेक शिक्षक एवं शोधार्थी उपस्थित रहे, जिनमें प्रो. चन्दना डे, डॉ. नीरज शुक्ल, डॉ. आर. के. त्रिपाठी तथा डॉ. दुआ नक़वी प्रमुख रूप से सम्मिलित थे।

कोकिला ने जीता पैरा जूडो वर्ल्ड कप में पदक

अमृत विचार, लखनऊ: भारत की पैरा जूडो खिलाड़ी कोकिला ने आईबीएसए जूडो वर्ल्ड कप-26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। पैरा जूडो वर्ल्ड कप में पदक पाने वाली वह पहली भारतीय महिला बनीं है। कोकिला ने 52 किलोग्राम से कम भार वर्ग (जे-2 श्रेणी) में भाग लिया। प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में उन्हें तुर्की की खिलाड़ी से हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद उन्हें रेपेशाज दौर में उतरना पड़ा। रेपेशाज में कोकिला ने अद्भुत जज्बा और संघर्ष का परिचय देते हुए रूस की खिलाड़ी को हरा कांस्य पदक मुकाबले में अपनी जगह पक्की की। कांस्य मुकाबले में उनका सामना तुर्की की उके से हुआ, जो पेरिस पैरा ओलंपिक-24 की पदक विजेता हैं। कोकिला ने बेहतरीन तकनीक और आत्मविश्वास के साथ मुकाबला जीतकर कांस्य पदक पर कब्जा जमाया।

नैक और एनआईआरएफ में सभी तकनीकी कॉलेज करेंगे भागीदारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के साथ रोजगार के अवसरों में वृद्धि और उद्योगों के साथ बेहतर तालमेल स्थापित करने के लिए डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यायल (एकेटीयू) ने नई पहल की है। एकेटीयू से जुडे सभी तकनीकी महाविद्यालयों को नैक (एनएएसी) और एनआईआरएफ रैंकिंग में शामिल होने को कहा है। इसके लिए महाविद्यालयों को तैयारी आरंभ करने को कहा गया है। एनएएसी का ऑनलाइन पोर्टल अस्थायी रूप से बंद है, लेकिन जैसे ही यह आरंभ होता है तो सभी संस्थानों को तत्काल आवेदन करना होगा।

छात्रों को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए एकीकृत डिजिटल प्लेसमेंट पोर्टल विकसित किया जा रहा है। इस पोर्टल के माध्यम से प्रदेश के लगभग 10 हजार विद्यार्थियों को सीधे रोजगार से जोड़ने की योजना है। प्रत्येक कॉलेज के लिए अलग रजिस्ट्रेशन लिंक उपलब्ध कराया जाएगा। जहां छात्र साइन-अप करेंगे, कॉलेज स्तर पर उनका सत्यापन होगा। जबकि विश्वविद्यालय स्तर पर अंतिम प्रमाणीकरण किया जाएगा। सभी संस्थानों को निर्देश दिया गया है कि वे निर्धारित तिथि पर कक्षाओं में छात्रों का सामूहिक पंजीकरण सुनिश्चित कराएं।

प्लेसमेंट कॉन्क्लेव आयोजित होगा: छात्रों को अधिकतम रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्लेसमेंट कॉन्क्लेव की तैयारी है। जिसमंक देश और विदेश की प्रमुख कंपनियों को आमंत्रित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य प्रदेश के तकनीकी छात्रों की क्षमता को उद्योग जगत के सामने प्रस्तुत करना और रोजगार के नए अवसर सृजित करना है।

जीव-जंतुओं का व्यवहार समझ रहे छात्र

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राणी विज्ञान विभाग ने शिक्षण को अधिक रोचक और व्यावहारिक बनाने के लिए एक अनोखी पहल शुरू की है। विभाग के एनिमल बिहेवियर और क्रोनोबायोलॉजी विषय के तहत छात्रों को असाइनमेंट के रूप में मीम्स और रील्स बनाने का कार्य दिया जा रहा है, जिससे वे जीव-जंतुओं के व्यवहार को बेहतर तरीके से समझ सकें। इस पहल के तहत छात्र विभिन्न स्थानों पर जाकर जीव-जंतुओं की गतिविधियों को कैमरे में कैद कर रहे हैं। कोई बगीचों में जाकर शूटिंग कर रहा है, तो कोई घर के आसपास पक्षियों और कीड़ों के व्यवहार को रिकॉर्ड कर रहा है। इसके माध्यम से वे न केवल विषय को समझ रहे हैं, बल्कि रचनात्मकता भी विकसित कर रहे हैं। छात्रों ने कई रोचक उदाहरण भी प्रस्तुत किए हैं। घासफूस के टिड्डों के व्यवहार को मजेदार वीडियो के जरिए समझाया गया, वहीं कोयल पक्षी के व्यवहार पर बनाई गई रील विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इसमें दिखाया गया कि कोयल किस तरह अन्य पक्षियों के घोंसलों में अपने अंडे रखती है और उनके अंडों को बाहर कर देती है। इस पहल से छात्र उत्साहित हैं और पढ़ाई के साथ कुछ नया व रचनात्मक करने का प्रयास कर रहे हैं।

सतत विकास के लिए प्राचीन ज्ञान को अपनाना होगा

अमृत विचार, लखनऊ: केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित विशिष्ट व्याख्यानमाला वेद पौरोहित्य कर्मकाण्ड विद्याशाखा में व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन परिसर के प्राध्यापक डॉ. धर्मेंद्र कुमार पाठक ने किया, स्वागत भाषण डॉ. प्रणव कश्यप ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो. उपेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्राचीन ज्ञान को अपनाना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परिसर निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा ने कहा कि वेदों में प्रकृति को पूजनीय मानते हुए उसके संरक्षण का संदेश दिया गया है। उन्होंने सभी से पर्यावरण संरक्षण को जीवनशैली में अपनाने और सतत विकास के लिए प्राचीन ज्ञान को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रो. पवन कुमार, प्रो. गजाला अंसारी, प्रो. हरिनारायणधर द्विवेदी, डॉ. नीरज तिवारी, डॉ. कालिका प्रसाद शुक्ल, डॉ. रुद्र नारायणनरसिंह मिश्र, डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव व शोधछात्र, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

लविवि में प्रवेश शुल्क को लेकर छात्रों में आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय में एमबीए और एलएलबी में प्रवेश को लेकर छात्रों में नाराजगी है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) से जुड़े छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर आरोप लगाया है कि बिना पूर्व सूचना के अचानक नियम बदले जा रहे हैं। छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय के एमबीए विभाग में प्लेसमेंट के नाम पर स्थिति शून्य के बराबर है। प्लेसमेंट सेल के अधिकांश सदस्य पूरी तरह निष्क्रिय साबित हो रहे हैं। इसके बावजूद छात्रों को जबरन सीएटी (कैट) जैसी बड़ी परीक्षाओं में शामिल होने के लिए कहा जा रहा है। जिसका आवेदन शुल्क ही 2600 रुपया है।

इसी तरह छात्रों का आरोप है कि बीए एलएलबी में प्रवेश सीएलएटी (क्लेट) के माध्यम से कराने की बात की जा रही है, जिसकी फॉर्म फीस 3600 रुपया है। इसे लेकर एनएसयूआई के छात्रों ने विरोध शुरू कर दिया है और कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा। छात्रों का कहना है कि यदि हमारी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो भविष्य में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान छात्र नेता प्रिंस प्रकाश, हर्षित शुक्ला, अंकुश चौहान, अमित अनुराग सहित अन्य छात्र उपस्थित रहे। लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया को सीएटी से न जोड़ा जाए इससे बहुत सारे छात्र प्रवेश से वंचित हो जाएंगे। यह परीक्षा पिछले वर्ष ही आयोजित हो चुकी है, जो छात्र इसमें शामिल नहीं हुए और विश्वविद्यालय के फॉर्म का इंतजार कर रहे थे, उनके लिए इस तरह का निर्णय अन्यायपूर्ण है। यदि प्रवेश प्रक्रिया में परिवर्तन करना आवश्यक है, तो इसे आगामी शैक्षणिक सत्र से लागू किया जाना चाहिए ताकि छात्र पूर्व तैयारी कर सकें।

कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा को ज्ञापन सौंपते छात्र।

- सीएटी और सीएलएटी में अधिक फीस को लेकर छात्रों में नाराजगी
- ज्ञापन देकर एनएसयूआई के छात्रों ने रखी अपनी मांग

सुनिता, प्रवीन, सपना और नेहा ने जीता पदक

अमृत विचार, लखनऊ: युवा कल्याण और प्रांतीय रक्षा दल की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय महिला और पुरुष भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन 22 से 24 मार्च तक झांसी के भानी देवी गोयल इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के भारोत्तोलन प्रशिक्षुओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। सुनिता वर्मा ने 59 किलोग्राम भार वर्ग में सब-जूनियर महिला वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं प्रवीन कुमार ने 67 किलोग्राम भार वर्ग में सीनियर पुरुष वर्ग में रजत पदक जीता। सपना ने 45 किलोग्राम भार वर्ग में जूनियर महिला वर्ग में कांस्य पदक और नेहा सिंह चौहान ने 53 किलोग्राम भार वर्ग के जूनियर महिला वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया।

अवधी संरक्षण व संवर्धन पर मंथन

अवधी भाषा संरक्षण कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों के साथ कुलपति।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में "अवधी भाषा और प्रौद्योगिकी: संरक्षण, संवर्धन एवं भविष्य" विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। पहले दो दिवसीय सत्र में देशभर से आए विद्वानों, शोधार्थियों एवं भाषा विशेषज्ञों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात साहित्यकार आचार्य सूर्य प्रसाद दीक्षित ने अवधी की समृद्ध परंपरा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अवधी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक विरासत का सशक्त आधार है। उन्होंने जोर दिया कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से इस भाषा को नई पीढ़ी तक पहुंचाना समय की मांग है। विशिष्ट वक्ता डॉ. अजय प्रताप अवस्थी ने भाषा और प्रौद्योगिकी के समन्वय पर विचार रखते हुए डिजिटल संसाधनों के महत्व को रेखांकित किया।

संगोष्ठी में डॉ. नीरज शुक्ल, डॉ. रामबहादुर मिश्र, डॉ. हिमांशु गंगवार, डॉ. योगेन्द्र कुमार सिंह एवं डॉ. आराधना अवस्थाना सहित अनेक विद्वानों ने अपने शोधपरक विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि अवधी भाषा प्रदेश की आत्मा है और इसके संरक्षण के लिए प्रौद्योगिकी का प्रभावी उपयोग आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह संगोष्ठी भाषा को वैश्विक पहचान दिलाने में सहायक होगी। कार्यक्रम का संचालन अवधी शोधपीठ द्वारा किया गया।

सिटी डायरी

मुख्यमंत्री ने पीयूष को किया सम्मानित

पीयूष सिंह चौहान को सम्मानित करते मुख्यमंत्री।

अमृत विचार, लखनऊ: समाज और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कार्यकर्ता सम्मान समारोह के अंतर्गत पीयूष सिंह चौहान को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्मानित किया है। सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन में आयोजित एक समारोह के दौरान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाइजेशन अवध एवं गोरक्ष प्रांत, श्रीगुरु गोरखनाथ सेवा न्यास तथा अन्य सहयोगी संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। पिछले छह वर्षों से ये संगठन भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों में "गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा" का आयोजन कर रहे हैं। इस पहल के अंतर्गत जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं, जिनमें स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श, कैंसर जांच, दवा वितरण एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं।

यूनिटी कॉलेज में पुरस्कृत की गई छात्राएं।

बीपी संस्थान में अफसरों के साथ उपस्थित छात्र।

यूनिटी कॉलेज में हुआ पुरस्कार वितरण

अमृत विचार, लखनऊ: यूनिटी कॉलेज में माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक वर्गों के विद्यार्थियों हेतु वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न हुआ। यह आयोजन सत्र 2025-26 के दौरान विद्यार्थियों की उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों, समर्पण और अनुशासन का उत्सव था। मुख्य अतिथि के रूप में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति आफताब रिज़वी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रबंधक डॉ. कल्बे सिब्तैन नूरी, प्रधानाचार्य दीपक मर्विन मैथ्यूज एवं उप-प्रधानाचार्य सचिन्द्र भारती सहित कई गणमान्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ विभिन्न धर्मग्रंथों के पाठ से हुआ, जो 'विविधता में एकता' का प्रतीक रहा। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी, वहीं प्रधानाचार्य ने परिश्रम और आस्था को सफलता की कुंजी बताया।

छात्रों ने वैक्सीन बनाने की सीखी विधि

अमृत विचार, लखनऊ: आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज अयोध्या के बीवीएससी एवं एएच के छात्रों को पशुपालन निदेशालय के बीपी संस्थान में इंटर्नशिप करने का मौका मिला। पहले बैच के 13 छात्रों को अपर निदेशक डॉ. संगीता तिवारी के नेतृत्व में नोडल अधिकारी डॉ. केके चौहान ने ईटी, एचएस, बीक्यू, स्वाइन फीवर वैक्सीन बनने की विधि, उत्पादन, गुणवत्ता, मानक आदि विषय की जानकारी दी। छात्रों ने शोध भी किया। कुल छह बैच में 72 छात्र प्रतिभाग करेंगे। बुधवार को पहले बैच की इंटर्नशिप पूरी होने पर अपर निदेशक ने छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित करके हौसला बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने बीपी संस्थान का निरीक्षण भी किया।

कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन करती मेयर सुषमा खर्कवाल व अन्य।

डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ: सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस में 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' आयोजित हुई। मुख्य अतिथि मेयर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि शुभांशु शुक्ला जैसे छात्रों ने लखनऊ का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वधर्म प्रार्थना से हुई। छात्रों ने गीत, संगीत व नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वरिष्ठ प्रधानाचार्या निशा पाण्डेय ने नैतिक शिक्षा पर जोर दे रहा है।

परिचर्चा

बौद्धिक संपदा अधिकार के संरक्षण पर बीबीएयू में हुआ मंथन

दुनिया का छठवां पेटेंट फाइल करने वाला देश है भारत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि व ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि भारत विश्व में छठा सबसे बड़ा पेटेंट फाइलर बन चुका है, जो देश में नवाचार और शोध की बढ़ती क्षमता को दर्शाता है, किंतु हमें अपने संसाधनों का समुचित उपयोग करते हुए भविष्य को और बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि 'ग्रेटर इंडिया इनोवेटिव इंडिया' के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए हमें ऐसे नवाचार को बढ़ावा देना होगा, जो न केवल आर्थिक विकास को गति दे, बल्कि मैन्युफैक्चरिंग और निर्यात को भी सशक्त बनाए।

बीबीएयू कुलपति प्रो. राजकुमार मित्तल

भाषा विवि कुलपति प्रो. अजय तनेजा

डॉ. जीके गोस्वामी

डॉ. धनपत राम अग्रवाल

बीबीएयू कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने कहा कि मानवीय मूल्यों को सर्वोच्च स्थान देकर कार्य किया जाए, तो वर्तमान समय में हो रहे बौद्धिक संपदा अधिकार के हनन को प्रभावी रूप से रोका जा सकता है।

विशिष्ट अतिथि व उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस के निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने बौद्धिक संपदा अधिकार के संदर्भ में उभरती प्रौद्योगिकियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य इमर्नेजिंग टैक्नोलॉजी ने नवाचार की गति को तेज किया है, लेकिन साथ ही आईपीआर के संरक्षण के सामने नई चुनौतियां भी खड़ी की हैं।

आईटीएजी बिजनेस सॉल्यूशंस लिमिटेड कोलकाता के फाउंडिंग डॉयरेक्टर डॉ. धनपत राम अग्रवाल ने औद्योगिक क्रांति के संदर्भ में अपने विचार रखते हुए कहा कि वर्तमान युग में तकनीक के आधार पर निरंतर आगे बढ़ना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यही विकास और प्रतिस्पर्धा की प्रमुख कुंजी है।

कार्यक्रम के दौरान दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. क्षितिज सिंह, प्रो. संजीव कुमार चड्ढा, प्रो. प्रीति मिश्रा, प्रो. सुदर्शन वर्मा, डॉ. सूफिया अहमद, प्रो. सुनीता मिश्रा इसके अतिरिक्त आईक्यूएसी निदेशक प्रो. शिल्पी वर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अनीस अहमद, डॉ. मुजीबुर्रहमान, डॉ. प्रदीप कुमार, अन्य शिक्षक, गैर शिक्षण कर्मचारी, शोधार्थी, प्रतिभागी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।